RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 58 • 11:03:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## वेस्ट बंगाल में 'एकला चलो' की राह पर टीएमसी

- सभी 42 सीटों पर उतारे अपने उम्मीदवार, 'इंडिया' से किया किनारा
- दीदी बोलीं-बंगाल दिखाएगा रास्ता, अधीर रंजन के खिलाफ भी मोर्चा



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। टीएमसी ने सभी 42 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। सीएम ममता के भतीजे और अभिषेक बनर्जी ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। लिस्ट की घोषणा के साथ ही यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि यहां पर ममता ने गठबंधन के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है। टीएमसी की लिस्ट में महुआ मोइत्रा और पूर्व क्रिकेटर के यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। यूसुफ पठान को बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। इससे पहले कोलकाता में रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने ऐलान किया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने ब्रिगेड परेड ग्राउंड में कहाकि देश किस दिशा में चलेगा यह बंगाल तय करेगा... बंगाल ही देश को रास्ता दिखाएगा। इसके अलावा उन्होंने असम और मेघालय में भी चुनाव लड़ने का ऐलान किया। ममता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस उत्तर प्रदेश में एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव से बातचीत कर रही है। टीएमसी की लिस्ट में महुआ मोइत्रा का नाम तो शामिल है, लेकिन नुसरत जहां का नाम काट दिया गया है। इसके अलावा मिमी चक्रवर्ती का नाम भी लिस्ट गायब है। टीएमसी को कृष्णानगर से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से टिकट दिया गया है। अभिषेक बनर्जी को डायमंड हार्बर से टिकट दिया गया है। इससे पहले ममता बनर्जी ने रैली को संबोधित करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट के अभिजीत गंगोपाध्याय पर निशाना साधा। उन्होंने कहाकि मैं न्यायपालिका का सम्मान करती हूं, लेकिन कुछ न्यायाधीश भाजपा के एजेंट के रूप में काम करते हैं।

## चीनी रडार हो जाएंगे फुस्स, ताकता रह जाएगा ड्रैगन

### भारत की सेला सुरंग के उद्घाटन से चीन में मची 'खलबली'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर के राज्य अरुणाचल प्रदेश के दौरे के दौरान शनिवार को चीन-भारत की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर दुनिया के सबसे लंबे टू-लेन सेला टनल (सुरंग) का उद्घाटन किया है। लोकसभा

- **सेना को तवांग पहुंचने में 10 किमी दूरी कम करनी पड़ेगी तय**

चुनाव से पहले पीएम मोदी का बड़ा मास्टरस्ट्रोक है। करीब 825 करोड़ रुपये की लागत से बनी सेला सुरंग परियोजना एक इंजीनियरिंग चमत्कार है। यह सुरंग 13000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। यह सुरंग पश्चिमी कामिंग और तवांग को जोड़ेगी। पहले सेला दर्रे से होकर तवांग जाना पड़ता था। सर्दियों में दर्रे में बर्फ जम जाने के कारण रास्ता बंद हो जाता




था। इस सुरंग के दो हिस्से हैं, जिसकी लंबाई क्रमशः 1595 मीटर और 1003 मीटर है। इस परियोजना में 8.6 किसोमीटर लंबी दो सड़कें भी शामिल हैं। इस सुरंग में प्रतिदिन 3000 कारे और 2000 ट्रकों की आवाजाही हो सकेगी। गाड़ियां अधिकतम 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगी। इससे सेना को तवांग पहुंचने में 10 किलोमीटर कम की दूरी तय करनी पड़ेगी। इस सुरंग की आधारशिला प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में रखी थी। यह परियोजना न केवल क्षेत्र में तेज और अधिक कुशल परिवहन मार्ग उपलब्ध कराएगी बल्कि देश को रणनीतिक मजबूती भी देने वाली है। अब सेना की गाड़ियां सभी मौसम में बेरोकटोक एलएसी तक पहुंच सकेंगी और चीन की सीमा पर तैनात सैनिकों को रक्षा उपकरण, रसद, हथियार, मशीनरी उपलब्ध हो सकेगा।

## विकास की बुलंदियों को छू रहा है यूपी, तुष्टिकरण भी पड़ा कमजोर

### यूपी के आजमगढ़ में विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी, लगाई लताड़

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ से यूपी सहित देश के सात राज्यों को 34,676 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान सीएम योगी के समेत भाजपा के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान आजमगढ़ और

- **मोदी ने कहा-आजमगढ़ में माफिया नहीं अब यहां पर कानून का राज है**

पूर्वांचलवासियों को मंदुरी एयरपोर्ट समेत राजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय और कई परियोजनाओं की सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपका ये प्यार और आजमगढ़ का ये विकास जातिवाद परिवारवाद और वोट बैंक के भरोसे बैठे इंडिया गठबंधन की नींद उड़ा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज केवल आजमगढ़ ही



नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ यहां से हो रहा है। आज आजमगढ़ से कई राज्यों में करीब 34 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। अनंतकाल तक ये विकास का गढ़ बना रहेगा ये मोदी की गारंटी है। आज आजमगढ़ में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। यहां से विदेश तक जो भी आजमगढ़ का है उससे आज बहुत खुशी हो रही होगी। आपका ये प्यार और आजमगढ़ का विश्वास हमें जीत दिलाएगा।

### चांद पर फिर से परचम लहराने की तैयारी में इसरो

**चंद्रयान-4 के लिए बना रहा प्लान, प्रोजेक्ट पर काम जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब चंद्रयान-4 की खूब चर्चा हो रही है। चंद्रयान-4 को लेकर कहां तक प्रगति हुई है, इस बारे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार को बड़ी जानकारी दी। मदुरै में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चंद्रयान-4 अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुलशेखरपट्टनम लॉन्चपैड की आधारशिला रखी और यह काम 2 साल में पूरा हो जाएगा।

## किसानों ने डाल दिया रेलवे ट्रैक पर डेरा, यात्री परेशान

### पंजाब-हरियाणा में थम गए 100 से ज्यादा ट्रेनों के पहिए

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** एक महीने से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत किसानों ने रविवार को चार घंटे के रेल रोको आंदोलन का आह्वान किया था। ऐसे में पंजाब और हरियाणा में कई जगहों पर किसान रेल की पटरी पर बैठ गए। दोपहर के 12 बजे किसान रेलवे ट्रैक पर आ गए और कई ट्रेनों के पहिये थम गए। 4 बजे तक ट्रेनों के पहिए जाम रहेंगे। किसान पंजाब में 22 जिलों में 52 स्थानों पर ट्रैक पर बैठ गए हैं। वहीं हरियाणा में सिरसा समेत 3 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम किया गया है। दोनों राज्यों में 100 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शंभू बॉर्डर पर किसान नेता रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। मोहाली रेलवे स्टेशन पर भी रेल ट्रैक पर किसान मौजूद हैं। अमृतसर, जालंधर और सुनाम में किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। इस वजह से ट्रेनों को रोका गया है।



आसपास पुलिस के जवान भी मुस्तैद हैं। भारी पुलिस की तैनाती की गई है। अमृतसर के देवीदासपुरा में भारी पुलिस तैनाती की गई है दिल्ली-अमृतसर रूट पर कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। रेल रोको आंदोलन में महिला किसान भी हिस्सा ले रही हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती, हम अपना विरोध जारी रखेंगे। हम आज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक 4 घंटे के लिए ट्रेनें रोकेंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। जब हमने यह विरोध शुरू किया था तो हमें पता था कि हम 40 दिनों में यह विरोध नहीं जीत पाएंगे। हम अपनी ताकत बढ़ाना जारी रखेंगे। किसानों के धरने के कारण रेलवे ने कुछ गाड़ियों को ब्यास व लुधियाना से ही वापस भेज दिया। इनमें शान-ए-पंजाब, अमृतसर एक्सप्रेस, अजमेर एक्सप्रेस, अमृतसर चंडीगढ़ शामिल हैं, जिन्हें ब्यास और लुधियाना रेलवे स्टेशन से वापसी के लिए रवाना कर दिया गया।

## कमलनाथ से लेकर दिग्विजय सिंह तक...

### एमपी में चुनाव लड़ने से दूर भाग रहे कांग्रेस नेता!

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 24 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वहीं, कांग्रेस अभी भी असमंजस की स्थिति में है। कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों के नाम फाइनल नहीं किए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले भोपाल स्थित पार्टी दफ्तर में सन्नाटा पसरा रहता है। वहीं, धरातल पर भी कांग्रेस की तैयारी नहीं दिखती है। कहा जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व चाहती है कि कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव लड़ें। पार्टी ने मिसाल पेश करने के लिए छत्तीसगढ़ में अपने बड़े नेताओं को मैदान में उतारे हैं। वहीं, चर्चा है कि एमपी में कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव लड़ने से दूर भाग रहे हैं। कमलनाथ से लेकर दिग्विजय सिंह तक लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। वहीं, सुरेश पचौरी जैसे बड़े नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। एमपी में कांग्रेस की स्थिति को इसी से समझा जा सकता है कि



29 में से अधिकांश सीटों के लिए कांग्रेस को एक से अधिक उम्मीदवारों का पैनल नहीं मिला है।

### चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं दिग्गज नेता

दरअसल, एमपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई है। इसके बाद पार्टी में भगदड़ मची हुई है। प्रदेश के हर इलाके के नेता लगातार पाला बदल रहे हैं। हार के बाद प्रदेश कांग्रेस में भगदड़ थम नहीं रही है। वहीं, जमीनी स्तर पर संगठन भी हतोत्साहित है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक के नेता एमपी में कांग्रेस की स्थिति से वाकिफ हैं। ऐसे में कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं। प्रदेश में कद्दावर चेहरों की बात करें तो दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, अरुण यादव और अजय सिंह राहुल जैसे नेताओं की दिलचस्पी चुनाव लड़ने में नहीं है।

### जमीनी स्तर भी नहीं है तैयारी

बीजेपी जहां एमपी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में दिन-रात एक की हुई है। वहीं, कांग्रेस कही नहीं दिखती है। अभी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जुटे हैं या फिर सोशल मीडिया पर ऐक्टिव दिखते हैं। कांग्रेस की तरफ से न तो उतने दावेदार सामने आ रहे हैं और न जमीनी स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तैयारी दिख रही है। ऐसे में 29 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के लिए उम्मीदवार ढूंढ़ना आसान नहीं है। सियासी जानकारों का कहना है कि शायद वास्तविक स्थिति से वाकिफ होकर चुनाव नहीं लड़ना चाहते होंगे। एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि अभी की स्थिति आप देखेंगे तो कांग्रेस के पास 29 लोकसभा सीटों के लिए योग्य उम्मीदवार नहीं है।

## ईसी की नियुक्ति के लिए 15 मार्च को मीटिंग

### पीएम की अध्यक्षता में पैनल मेंबर शामिल होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग में इस समय दो चुनाव आयुक्तों के पद खाली है। इन्हें भरे जाने को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले पैनल की 15 मार्च को शाम 6 बजे बैठक होगी। नियम के मुताबिक चुनाव आयोग में एक मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के अलावा दो चुनाव आयुक्त होते हैं। एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे फरवरी में रिटायर हो गए थे। दूसरे अरुण गोयल ने 9 मार्च को अचानक इस्तीफा दे दिया। लिहाजा 3 सदस्यीय चुनाव आयोग में इस वक्त सिर्फ सीईसी राजीव कुमार ही हैं। अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की कतार में थे, क्योंकि मौजूदा सीईसी राजीव कुमार फरवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं। गोयल ने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर 2027 तक था। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, गोयल और सीईसी राजीव कुमार के बीच फाइल पर मतभेद हैं। हालांकि गोयल ने इस्तीफे के लिए निजी कारणों का हवाला दिया है। केंद्र ने उन्हें पद छोड़ने से रोकने की कोशिश की थी। गोयल की सेहत भी ठीक है। इसलिए खराब सेहत के कारण इस्तीफे की अटकलों को खारिज किया गया है।

## गुजरात में बुलडोजर से ढहा दी गई 20 साल पुरानी दरगाह

### चप्पे-चप्पे पर 1000 पुलिस, पिछले साल हुआ था बड़ा बवाल

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के जूनागढ़ में एक 20 साल पुरानी दरगाह को जमींदोज कर दिया गया। शनिवार की देर रात करीब 1000 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में यह बुलडोजर ऐक्शन हुआ। दरअसल, पिछले साल भी प्रशासन ने इस दरगाह को तोड़ने की कोशिश की थी लेकिन तब हिंसक भीड़ ने पत्थरों से अटैक कर कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था। इस हिंसा में कई लोग घायल भी हो गए थे। ऐसे में अब इस अवैध दरगाह को ढहा दिया गया है। प्रशासन ने दो मंदिरों को भी तोड़ा है। जिस दरगाह को तोड़ा गया है वह जूनागढ़ के मजवेड़ी गेट के पास थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, देर रात दो बजे करीब 1000 पुलिसकर्मी अवैध दरगाह के पास पहुंचे। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। जगह-जगह




बैरिकेडिंग किए गए। तीन घंटे तक बुलडोजर चला और सुबह 5 बजे तक प्रशासन ने दरगाह को मिट्टी में मिला दिया। दरअसल, यह दरगाह सड़क के बीच अवैध भूमि पर बनी थी। जानकारी के मुताबिक, 20 साल पुरानी इस दरगाह को तोड़ने की कोशिश पिछले साल भी की गई थी। लेकिन तब भीड़ ने बवाल किया था।

### दो मंदिर भी किए गए जमींदोज

जूनागढ़ में अवैध दरगाह के साथ अलग-अलग जगहों पर बनीं दो मंदिरों को भी तोड़ा गया है। सभी जगह भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। गौरतलब है कि एक दूसरे मामले में पिछले महीने उत्तराखंड के हल्द्वानी में अवैध मदरसे को तोड़ने गई पुलिस की टीम पर भीड़ ने पत्थरों और पेट्रोल बम से अटैक कर दिया था। इस हिंसा में 5 लोगों की मौत हो गई। हिंसा के बाद हल्द्वानी में कर्फ्यू तक लगाना पड़ा था। एक थाने पर उग्र भीड़ ने हमला कर दिया था। पुलिस ने इस हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया है।

## 14 मछुआरों की खोज में भारत की मदद लेगा पाकिस्तान

### इनके भारतीय सीमा में पहुंचने की आशंका, 5 दिन पहले डूबी थी नाव

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के केती बंदर पोर्ट के पास 45 मछुआरों को ले जा रही एक नाव डूब गई थी। 31 मछुआरों को बचा लिया गया था लेकिन अब भी 14 मछुआरे लापता हैं। इनकी तलाश के लिए पाकिस्तान सरकार भारत से मदद मांगेगी। पाकिस्तानी मीडिया द डॉन के मुताबिक, सांसद आगा रफीउल्लाह ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से मछुआरों के ढूंढ़ने के लिए भारत से मदद लेने के बारे में बात की थी।



## बधाई हो !: भारत में 'चीता' प्रोजेक्ट को लगे चार चांद

### एमपी के कूनो नेशनल पार्क से फिर आई बड़ी खुशखबरी

**श्योपुर (एजेंसी)।** श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर से बड़ी खुशखबरी आई है। चीता गामिनी ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इन शावकों के जन्म के बाद कूनो में चीतों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अब कूनो में 13 शावकों समेत चीतों की संख्या 26 हो गई है।

- **चीता गामिनी ने दिया 5 शावकों को जन्म, कुल 26 हुई संख्या**

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट × पर इसकी जानकारी दी। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने लिखा - हाई फाइव, कूनो, दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई मादा चीता गामिनी (उम्र लगभग 5 वर्ष) ने आज 5 शावकों को जन्म दिया है। इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 13 हो गई है। यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है



और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है। सभी को बधाई, विशेषकर वन अधिकारियों, पशु चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ की टीम को। जिन्होंने चीतों के लिए तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों समेत चीतों की कुल संख्या 26 है। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर आगे लिखा, सभी को बधाई, खासकर वन अधिकारियों, पशु चिकित्सकों और फिल्ड स्टाफ को जिन्होंने चीतों के लिए एक तनाव मुक्त वातावरण तैयार किया। इसकी वजह से चीतों का सफलतापूर्वक मिलन हो सका और शावकों का जन्म हुआ।

अब कूनो नेशनल पार्क में सभी शावकों को लेकर चीतों की संख्या 26 हो गई है। केंद्रीय भूपेंद्र यादव ने कहा कि देश की धरती पर ये चौथा और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला कुनबा है। केंद्रीय वन मंत्री ने सभी 5 शावकों की तस्वीर के साथ-साथ वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में सभी चीते स्वस्थ नजर आ रहे हैं। भारत में चीतों को बसाने के उद्देश्य प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत की गई थी।

## अकड़ गई, अब चेहरे पर भी दिख रहा है तनाव

- **सीबीआई कस्टडी में आते ही बदले शाहजहां शेख के हाव-भाव**

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली केस में गिरफ्तार हो चुका शाहजहां शेख अब बंगाल पुलिस से निकलकर सीबीआई के हवाले किया जा चुका है। सीबीआई संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और ईडी अधिकारियों पर हमले को लेकर शेख से पूछताछ कर रही है। रविवार को बशीरहाट अदालत में सीबीआई ने शेख को पेश किया, जहां कोर्ट ने उसकी चार दिन की रिमांड मंजूर कर ली। गौर करने वाली बात यह है कि शेख के हाव-भाव महज चार दिन में ही बदले दिखाई दिए हैं।



# होली पर रेलवे का तोहफा, बिहार के लिए चलेंगी 18 स्पेशल ट्रेन



**पटना, एजेंसी।** होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा राजगीर, पटना, दानापुर, आरा, गया एवं रक्सौल से आनंद विहार के लिए तथा सहरसा से अम्बाला कैंट के लिए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

गाड़ी सं. 02351/02352 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेशल सप्ताह में तीन दिन चलेगी। यह संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस की क्लोन ट्रेन होगी। गाड़ी 02351 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 20 से 31 मार्च तक बुधवार, शुक्रवार व रविवार को पटना से शाम चार बजे प्रस्थान करेगी।

वहीं गाड़ी सं. 03255 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 17 से 31 मार्च तक रविवार व गुरुवार को पटना जं. से रात 10.20 बजे खुलकर शाम तीन बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

गाड़ी सं. 02391 पटना-आनंद विहार स्पेशल 16 से 30 मार्च तक हर शनिवार को पटना से रात 10.20 बजे खुलेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02392 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट पूजा स्पेशल 17 से 31 मार्च तक हर रविवार को आनंद विहार से रात 11.30 बजे प्रस्थान कर शाम 5.20 बजे पटना पहुंचेगी। गाड़ी सं. 02365 राजगीर-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 16 मार्च से 30 मार्च तक हर शनिवार एवं मंगलवार को राजगीर से रात आठ बजे खुलकर अगले दिन दिन तीन बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02366 आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 17 से 31 मार्च तक रविवार एवं बुधवार को आनंद विहार से रात 11.45 बजे खुलकर अगले दिन रात 9.10 बजे राजगीर पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 20 मार्च से 29 मार्च तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 21 मार्च से 30 मार्च तक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को आनंद विहार से सुबह सात बजे प्रस्थान कर दिन रात 8.45 बजे गया पहुंचेगी।

**आरा-आनंद विहार स्पेशल 20 मार्च से 29 मार्च तक :** गाड़ी सं. 03227 आरा-आनंद विहार स्पेशल 20 मार्च से 29 मार्च तक हर सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को आरा से दिन 3.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 07.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03228 आनंद विहार-आरा स्पेशल दिनांक 21 मार्च से 30 मार्च तक हर मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को आनंद विहार से आरा पहुंचेगी।

### रक्सौल-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल 24 मार्च से

गाड़ी सं. 05531 रक्सौल-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल 24 मार्च एवं 31 मार्च को (रविवार) को रक्सौल से रात 10.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन शाम 6 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी 05532 दिनांक 25 मार्च एवं एक अप्रैल को सोमवार को आनंद विहार से रात 8 बजे प्रस्थान कर 2.30 बजे रक्सौल पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05565 सहरसा-अम्बाला कैंट एक्सप्रेस स्पेशल 21 एवं 28 मार्च को सरहसा से रात 7.30 बजे खुलकर अगले दिन रात 11.15 बजे अम्बाला कैंट पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05566 अम्बाला कैंट-सहरसा एक्सप्रेस 23 एवं 30 मार्च को अम्बाला कैंट से सुबह 03.40 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 09.45 बजे सहरसा पहुंचेगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास

**भागलपुर/सुल्तानगंज , एजेंसी।** सुल्तानगंज-शाहकुंड पथ पर शनिवार को पीएमजीएसवाई योजना के तहत दो पुल का शिलान्यास बांका सांसद गिरधारी यादव एवं विधायक प्रो ललित नारायण मंडल ने किया। सांसद प्रतिनिधि पवन केसान ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सुल्तानगंज शाहकुंड पथ पर दो ब्रिज बनाया जाना है। जिसका शिलान्यास किया गया। विधायक ने बताया कि देवघा में सामुदायिक भवन और श्रीमद् भागवत कार्यक्रम में पहुंचे। करहिरया के बडहरा में भी विधायक के योजना का उद्घाटन किया गया।

### बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन से लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के योगीवीर पहाड़ी बाराहाट के नीचे स्थित ईदगाह मैदान में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता अमरनाथमंडल आशीष ने की।बैठक में कहलगांव एवं पीरपैंती प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ता सहित झारखंड के भी कार्यकर्ता शामिल थे।बैठक को मुख्य अतिथि दिल्ली से पहुंचे केंद्रीय चुनाव प्रभारी डॉ लालजी मेधांकर, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, उपाध्यक्ष सकलदेव दास, भागलपुर जोन प्रभारी एडवोकेट सुरेश राव, नकुल प्रसाद आदि ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया की मायावती को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभी से जुट जाएं।

### बाखरपुर थाना में नए थानाध्यक्ष ने दिया योगदान

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** ओपी से नए बने थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में आलोक कुमार ने योगदान कर लिया। उनकी नियुक्ति निवर्तमान थानाध्यक्ष बिनोद कुमार के एसएसपी द्वारा निलंबन के बाद किया गया है। जबकि महज कुछ दिन पूर्व ही ओपी से थाना में परिणत हुआ था बाखरपुर का यह थाना।

### दुबौली में बनेगा अस्पताल, किया गया भूमि पूजन

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के दुबौली गांव में अस्पताल बनने का सपना साकार हो रहा है। शनिवार को अस्पताल निर्माण हेतु पूरे विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। अस्पताल निर्माण हेतु भूमि राज्यपाल बिहार सरकार को समाजसेवी बीके पटेल द्वारा दान दिया गया है। पटेल ज्ञान गंगोत्री संस्थान के संस्थापक भी हैं। समारोह में घनश्याम दास, झूंपा सिंह, रामजन्म मिश्रा, चिंटू दुबे, भूलन दुबे, मुनमुन तिवारी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे। अस्पताल निर्माण में नर्मदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी आर्थिक योगदान दिया है।

### कुश्ती के दंगल में बेटियों ने दिखाया दमखम

**भभुआ, एजेंसी।** बिहार के भभुआ के पहाड़िया गांव में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को अंतर राज्यीय महिला एवं पुरुष की कुश्ती प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य वकील यादव ने उद्घाटन किया। महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अखाड़े में एक-दूसरे को मात देने के लिए दांव-पेच का प्रदर्शन किया। लखनऊ की महिला पहलवान शालू एवं बक्सर की रिया के बीच हुए दंगल में रिया ने शालू को अखाड़े में पराजित कर विजेता बनी। पुरुष में पहाड़िया के नीरज यादव एवं यूपी के नौबतपुर के वीरेंद्र यादव के बीच कुश्ती प्रतियोगिता हुई। दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि मां मुंडेश्वरी की गोद में बसे पहाड़िया गांव हमेशा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराते रहा है। दंगल समिति के सदस्य दरोगा सिंह यादव ने बताया कि लगातार तीन वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में दंगल का आयोजन कराया जा रहा है। इस दंगल में विभिन्न राज्यों के महिला-पुरुष पहलवान भाग लेने आते हैं। आयोजकों ने बताया कि सभी विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया। ग्रामीण युवाओं को पहलवानी में रियाज करने का आह्वान किया गया, ताकि वह भी नामी-गिरामी पहलवान बन सकें। वक्ताओं ने पढ़ाई के साथ पहलवानी का अभ्यास करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया और कहा कि इससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। शारीरिक व मानसिक रूप से बलवान बना जा सका है। मौके पर डॉ. योगेश्वर यादव, बहादुर सिंह, दुमदुम पंचायत के मुखिया इस्लाम खान, अशोक सिंह पटेल, पूर्व मुखिया योगेंद्र यादव, डॉ. नरसिंह यादव, पहलवानों में प्रमोद पहलवान, संतु यादव, श्रीधर यादव, बीरबल यादव, महेंद्र यादव आदि शामिल हैं।

# चाचा-भतीजे को साथ रखने में भाजपा को करना पड़ रही मशक्कत





**पटना, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन के शील्पकार माने जाने वाले नीतीश कुमार के साथ आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थिति बिहार में तो मजबूत हो गई है, लेकिन दूसरे सहयोगियों के साथ सामंजस बिठाना चुनौती बन चुकी है। बीजेपी चिराग पासवान और उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को खुश रखने का तरीका ढूंढ रही है। ऐसा इसलिए कि भगवा खेमा उनके चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को भी साथ रखना चाहता है। नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी से पहले बिहार में चिराग पासवान भाजपा के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी थे। उन्होंने कई मौकों पर खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान भी बताया था। लेकिन नीतीश के साथ आते हुए वह अब हासिए पर जाते दिख रहे हैं। तेजस्वी यादव की पार्टी आरजेडी ने परिस्थिति को भांपते हुए चिराग पासवान को आठ लोकसभा सीटों का ऑफर दे दिया। इनमें से छह बिहार की सीट और दो बिहार से बाहर की सीट शामिल है। इसके लिए चिराग को महागठबंधन में शामिल होना होगा।

सूत्रों ने बताया कि बीजेपी अब इस पर विचार कर रही है कि चिराग के साथ किस तरीके से सीट शेयरिंग करनी है। पार्टी के कुछ नेता इसे दबाव की राजनीति बताते हैं। आपको बता दें कि चिराग पासवान के पास कथित तौर पर 6-7प्रतिशत वोटों का समर्थन प्राप्त है। हालांकि, पार्टी में हुई टूट के बाद इसका आकलन होना बाकी है।

### राजद के एक नेता ने कहा

चिराग और तेजस्वी एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। हमारे पास हमेशा उनके लिए एक स्थायी प्रस्ताव रहा है। फैसला उन्हें करना है। लालू प्रसाद और राम विलास पासवान के बीच बहुत अच्छे राजनीतिक संबंध थे।

चिराग के अलावा भाजपा को उनके चाचा केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को भी संतुष्ट करना होगा। पारस राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (एनएलजेपी) के प्रमुख हैं और एनडीए के सहयोगी भी हैं। चिराग और पशुपति पारस दोनों ही पासवान की राजनीतिक विरासत के असली उत्तराधिकारी होने का दावा करते हैं।

### एक भाजपा नेता ने कहा

2019 के लोकसभा चुनावों में हमने एलजेपी और जेडी (यू) के सहयोगियों के साथ बिहार में 40 में से 39 सीटें जीतीं। यह एक अच्छी केमेस्ट्री है। हम इसमें खलल डालने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं, लेकिन हमारी चुनौती यह है कि पारस को कैसे और कहां समायोजित किया जाए। चिराग हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। फिलहाल पशुपति पारस वहां से सांसद हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा कि चिराग पासवान ने पिछले हफ्ते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी और उन्हें उम्मीद है कि विवाद जल्द ही सुलझ जाएगा। ऐसी चर्चा है कि पारस को समस्तीपुर से चुनाव लड़ने के लिए कहा जा सकता है, वर्तमान में इस सीट से चिराग के चचेरे भाई प्रिंस राज सांसद हैं। अगर ऐसा होता है तो चिराग एनडीए में बने रह जाएंगे और तेजस्वी यादव के खिलाफ एक युवा चेहरा एनडीए के पास होगा, जो कि लोकसभा चुनाव के दौरान पलटवार करते नजर आएंगे। बीजेपी और एलजेपी दोनों सूत्रों का कहना है कि चिराग को 5 लोकसभा सीटें और एक राज्यसभा सीट की पेशकश की जा सकती है। 2019 की तुलना में 1 कम होगी।

### नालंदा कॉलेज में होगा मतगणना का काम-लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन




**नालंदा, एजेंसी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, नालंदा शाशंक शुभंकर ने लोकसभा चुनाव का निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता एवं अन्य विषयों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि फर्स्ट लेवल चेकिंग के उपरांत इवीएम, वीवीपैट की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है। प्रशिक्षण हेतु चिन्हित हर अनुमंडल परिसर स्थित वेयरहाउस में रखी गई इवीएम,वीवीपैट की सूची एवं मतदान केंद्रों की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों, स्टार प्रचारको द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

**विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित डिस्पैच सेंटर की विवरणी निम्नवत है**

171- अस्थावां ,पेरू महतो सोमरी कॉलेज, पहाड़पुरा, बिहारशरीफ।

172 -बिहारशरीफ ,सोगरा प्लस टू उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ, नालंदा।

173 - राजगीर (अनुसूचित जाति), आरडीएच उच्च विद्यालय, राजगीर।

174 - इस्लामपुर एवं 175- हिलसा, रामबाबू उच्च विद्यालय ,हिलसा।

176 -नालंदा, रास बिहारी हाई स्कूल, नगर पंचायत, नालंदा।

177 -हरनौत, सोगरा कॉलेज, बिहार शरीफ ।

बज्रगृह एवं मतगणना केंद्र नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में निर्धारित है।

### मामूली विवाद में एक ही परिवार के पांच लोग घायल



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाने के पुरनाही गांव में मकान बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने सूरज कुमार और उनके परिवार के पांच सदस्यों का तलवार और लाठी-डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। सभी लोगों को देर शाम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मी लोगों में सूरज कुमार के अलावा कंचन कुमार, कविंद्र महतो, चंदन कुमार और सुरेश महतो शामिल हैं। सभी का उपचार सदर अस्पताल में शुरू किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि सूरज महतो गांव में मकान निर्माण करा रहे थे। शनिवार को मकान का छत ढला रहा था। इसी दौरान उनके पड़ोसी विहारी महतो के घर की ओर मकान ढालने वाला मसाला गिर गया। जिस कारण देर शाम विवाद शुरू हो गया। इसी बात को लेकर विहारी महतो के अलावा सुनील कुमार, संतोष कुमार, अमित कुमार आदि ने सूरज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि लोगों ने इस दौरान तलवार से वार किया। जिससे सभी लोग जख्मी हो गए। हल्ला होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो बीच बचाव कर मामला शांत कराया। जख्मी सभी लोगों को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया। उधर, घटना की जानकारी वारिसनगर पुलिस को भी दी गई है।

**नगर पुलिस ने दर्ज किया जख्मी का बयान :** सदर अस्पताल में नगर पुलिस ने जख्मी लोगों को बयान दर्ज किया है। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि पीड़ित का बयान लेकर प्राथमिकी के लिए संबंधित थाने को भेजा गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई वारिसनगर पुलिस करेगी।

## लोकसभा चुनाव 2024 : लालू की पार्टी राजद ने कसी कमर वॉर रूम तैयार, तेजस्वी हर बूथ की जानकारी ले रहे



**पटना, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजद का वॉर रूम तैयार है और हरेक पंचायत व बूथ स्तर तक की जानकारी जुटा रहा है। वॉर रूम से प्रमंडल से लेकर बूथ स्तर तक की विभिन्न कमेटियों को सौंपी जा रही जिम्मेदारियों की निगरानी की जा रही है। प्रदेश राजद कार्यालय के ऊपरी तल पर एक बड़े से कमरे में छह कंप्यूटर लगाए गए है। उन कंप्यूटरों पर तकनीकी विशेषज्ञों को तैनात किया गया है। पार्टी सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी पूरे चुनावी अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वॉर रूम के माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों से लेकर बूथ स्तर तक के कमेटियों के सदस्यों के नाम, पता एवं बूथ संख्या इत्यादि की जानकारी एकत्र की गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह इस वॉर रूम पर नजर रखते हैं। इनके माध्यम से ही प्रमंडलीय प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव एवं प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव सहित अन्य पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

**तेजस्वी के पांच देशरत्न मार्ग स्थित आवास पर कार्यरत है कंट्रोल रूमः** राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेताओं द्वारा चुनावी तैयारियों की निगरानी सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के पांच देशरत्न मार्ग स्थित सरकारी आवास पर कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। यहां तेजस्वी यादव द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे है। यहां सामान्य पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का प्रवेश निषेध है।

**बूथ स्तर पर कमेटी बना प्रचार की तैयारी की :** वॉर रुम के माध्यम से हरेक संसदीय क्षेत्र के हरेक बूथ कमेटियों के माध्यम से चुनाव प्रचार की तैयारी की गयी है। वहीं, बूथ कमेटियों को चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान मुस्तैद रहने को कहा गया है। पार्टी के अनुसार सभी 40 संसदीय क्षेत्रों में 90 प्रतिशत बूथ कमेटियां बनायी जा चुकी है। कुछ प्रखंडों के कुछ बूथों पर बूथ कमेटियां बनाया जाना बाकी है। इन बूथ कमेटियों के माध्यम से राजद समर्थकों को गोलबंद करने की तैयारी है।

# बाइक और बस की सीधी टक्कर में दो की मौत, एक घायल

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में पप्पू यादव की महारैली से लौट रहे बाइक सवार तीन समर्थक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। बाइक और बस की सीधी टक्कर में बाइक सवार एक समर्थक ने जहां मौके पर ही दम तोड़ दिया तो वहीं दो बाइक पर बैठे मामा-भांजा की हालत काफी नाजुक होने की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल दूसरे युवक नीरज यादव(18) पिता नंदकिशोर यादव की मौत हो गई। जबकि तीसरा घायल मैक्स सेवन में है। आनंद कुमार जो रिश्ते में नीरज के मामा हैं उसकी हालत भी गंभीर है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में न सिर्फ खासा आक्रोश है बल्कि पार्टी के नेताओं के प्रति उनकी नाराजगी भी काफी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अपने नेता के लिए जिन्होंने जान गंवाई। हादसे के बाद उन्हें कॉल करने पर कोई रिस्पॉन्स तक नहीं लिया गया। घटना के घंटों बीतने पर भी कोई झांकने तक नहीं आए, जबकि महारैली में बड़ी -बड़ी बातें कहीं गई। लंबे -चौड़े वायदे किए गए। क्या पार्टी या फिर नेता की नजरों में जनता की जान की कीमत नहीं? वे चाहते थे जाप सुप्रीमो पप्पू यादव के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्हें सांत्वना दें और दुःख की इस घड़ी में उनकी पीड़ा काम कर सकें। इसके लिए उन्होंने पार्टी के स्थानीय नेता के जरिए अपनी बात पप्पू यादव तक पहुंचाने की भी कोशिश की। स्थानीय नेता से संपर्क किया और कई दफे कॉल किया, मगर कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। बता दें कि शनिवार को जाप सुप्रीमो पप्पू यादव की प्रणाम पूर्णिया महारैली थी। रंगभूमि मैदान में आयोजित इस महारैली में बड़ी तादात में लोग पप्पू यादव को सुनने पहुंचे। ये पहला मौका था, जब किसी नेता ने अकेले ऐसी भीड़ जुटाई थी। इन्हें सुनने पहुंचने करीब 50 हजार की भीड़ में तीन ऐसे समर्थक भी रहे। जो शनिवार रात महारैली से घर लौटने के क्रम में धमदाहा -पूर्णिया स्टेट हाईवे पर लोहिया चौक के समीप दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए।

वे सभी बी.कोठी थाना क्षेत्र के ठाडी पंचायत के हरिराही महादेवपुर गांव के वार्ड 2 के रहने वाले थे। इस हादसे में बाइक ड्राइव कर रहे अजय मुर्मू के 18 वर्षीय बेटे रवीन मुर्मू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसी बाइक पर बैठे मामा -भांजे नीरज कुमार और आनंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। तस्ष्ट॥ आने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर भागलपुर रेफर कर दिया। मृतक और घायलों के गांव में रहने वाले दोस्त अशोक निराला, शिवम शुक्ला और एक अन्य ने बताया कि वे तीनों पप्पू यादव की महारैली में उनका समर्थन करने गए थे, लौटने के क्रम में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और ये दर्दनाक घटना घटी। हादसे के बाद उन्होंने एससी से मोर्चे के प्रखंड स्तरीय स्थानीय नेता से भी संपर्क किया। फोन कर घटना की जानकारी दी गई मगर दुर्भाग्यपूर्ण ये है कि कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। डिस्ट्रिक्ट लेवल के जाप लीडर से भी संपर्क किया गया ताकि उनकी बात पप्पू यादव तक पहुंच जाए और वे पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनका दुःख कम किया जा सके। मगर किसी ने झांकने तक की जहमत नहीं उठाई। इस हादसे में हरिराही महादेवपुर गांव में रहने वाले रवीन मुर्मू (18) की जान गई, उसने इसी साल मैट्रिक की परीक्षा दी थी। वो पढ़ने में काफी होनहार था, मगर गरीबी उसके आड़े आ रही थी। उसके सपने बड़े थे और उसे बड़ी ही बेसब्री से अपने रिजल्ट का इंतेजार था। ग्रामीणों ने बताया कि रवीन मुर्मू एक बेहद ही गरीब और साधारण परिवार का छात्र था। वो 4 बहनों पर इकलौता भाई था और सबका दुलारा भी था। घर की माली हालत, तंगहाली, बेटियों की शादी की चिंता और रविन के सपने को देखते हुए ही उसके पिता अजय मुर्मू केरल में बतौर प्रवासी मजदूर मजदूरी करते हैं। पिता के उन्हीं भेजे गए पैसों से किसी तरह घर चलता था। वही, नेता के लिए जिस समर्थक ने जान गंवा दी।

## मुजफ्फरपुर में लूट के दौरान स्वर्ण कारोबारी पर चलाई गोली, मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में लूटपाट के दौरान एक स्वर्ण कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शहर के के जैतपुर ओपी के गिजास के पास बाइक सवार अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। लूट का विरोध करने पर फायरिंग की गई। जिसके बाद जख्मी कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई है। इस घटना के बाद मृतक स्वर्ण कारोबारी के परिजन सदमे की हालत में है। कारोबारी शनिवार रात करीब 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी वारदात को अंजाम दिया गया। अपराधी कैश और गहने वाला बैग लूटकर भाग निकले। पूरा मामला सरैया थाना क्षेत्र के जैतपुर ओपी क्षेत्र के गिजास की बताई जा रही है। जहां, बखरा चौक से अपने आभूषण की दुकान को बंद कर कारोबारी ओमप्रकाश वर्मा (40) बाइक से अपने घर रजवाड़ा लौट रहे थे। गिजास के पास कुछ हथियारबंद अपराधियों ने उनसे लूटपाट करने की कोशिश की। इसका विरोध करने पर अपराधियों ने आभूषण कारोबारी को गोली मार दी गई। जिसके बाद सभी अपराधी उसके कैश और गहनों को लेकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोग मौके पर गोली की आवाज सुनकर पहुंचे। जिनके द्वारा इस मामले की जानकारी बखारा चौक के दुकानदारों और घायल आभूषण कारोबारी के परिजनों को दी गई। जिसके बाद कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल कारोबारी को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज लाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। आभूषण कारोबारी के परिजन दीपक कुमार ने बताया कि रोज की तरह दीपक अपनी दुकान को बंद कर रात में बखरा चौक से अपने घर राजवाड़ा लौट रहे थे। जहां, बाइक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया गया। वारदात के वक्त दीपक कुमार अपनी बाइक से अकेले ही लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि 4-5 राउंड गोली चली थी जिसमें एक गोली कंधे में लगी। इस घटना के संबंध में मृतक के परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज के ओपी को दे दी गई है। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कमरे में मिला विवाहिता का शव



**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोखुलपुर गांव में नवविवाहिता का शव मिलने से इलाके सनसनी फैल गई है। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी बिदुपुर थाना की पुलिस और मृतका के परिवार वालों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर पूर्वी गांव से गोखुलपुर गांव पहुंचे। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। मृतका की पहचान दुर्गा राय की पत्नी सुधा कुमारी(25) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतका की 9 माह की एक बेटी भी है। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज में बाइक नहीं देने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि राघोपुर पूर्वी निवासी राम इकबाल राय की बेटी सुधा कुमारी की शादी 2022 में गोखुलपुर निवासी दुर्गा राय से हुई थी। शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज में बाइक की डिमांड कर रहे थे। वहीं नहीं देने पर वेलोग उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे। बिदुपुर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि एक महिला की शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है। उसके परिजनों सुसराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। लिखित रूप से आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिक दर्ज कर करवाई की जाएगी।

### सोना लूटकांड में शामिल दूसरे अपराधी की हुई पहचान, पटना में संतोष की तलाश में छापेमारी



**पटना**। पटना के डाकबंगला चौराहे पर दिल्ली के कारोबारी से सोना लूट मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है। लूटकांड में शामिल दूसरे अपराधी की भी पुलिस ने पहचान कर ली है। हालांकि पुलिस ने अभी नाम का खुलासा नहीं किया है। इस मामले में पुलिस ने दो लुटेरों की फोटो जारी की थी। एक की पहचान हाजीपुर के संतोष पासवान के तौर पर हुई है। संतोष सोना लूट के कई मामलों में शामिल रह चुका है, जो पटना के सिटी इलाके में रहता है। पुलिस जब इसके घर पर पहुंची तो पता चला कि पिछले एक सप्ताह से नहीं आया है। वहां ताला लगा हुआ था। पटना सिटी और बाकरगंज से 4 लोगों को शक के आधार पर पूछताछ के लिए पुलिस ने उठाया है। संतोष के कुछ नए ठिकाने की जानकारी मिली है। पटना पुलिस हाजीपुर पुलिस के संपर्क में है। कोतवाली थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया है कि कुछ जगहों पर छापेमारी की गई है। अहम ठिकानों के बारे में जानकारी मिली है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जाएगी। इस घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कारोबारी के बेटे एहतेशाम अली की हालत अब ठीक है है। बता दें, 7 मार्च गुरुवार को डाकबंगला चौराहे के पास दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली के ज्वेलर को बदमाशों ने गोली मार दी थी। पिता-पुत्र के हाथ में गहनों से भरा बैग था। बदमाश वो छीनकर भाग निकले। बताया जा रहा है कि कारोबारी 7 किलो सोना लेकर पहुंचे थे। इसमें 2 किलो सोना डिलीवरी कर चुके थे। अपराधी बाकी 5 किलो सोना लूट कर भाग निकले हैं। कारोबारी की पहचान अंसार अली मोल्ला है, जो दिल्ली के करोल बाग का रहने वाला है। पुलिस ने बताया था कि सोना लेकर पटना के विभिन्न दुकानों में सप्लाई करने आया था। दिल्ली से आने के बाद कारोबारी होटल गली में स्थित होटल में ठहरा था। उसने पिछले दो दिनों में दो होटल बदले थे। स्वर्ण कारोबारी पिता-पुत्र बिजनेस के सिलसिले में पटना आते-जाते रहते हैं। बदमाशों ने बीच सड़क दोनों को घेरा और बैग छीनने की कोशिश करने लगे। ज्वेलर के बेटे ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के समय भीड़ भी मौजूद थी, लेकिन कोई बचाने नहीं आया।

### शॉर्ट-सर्किट से 12 घर जले, 4 गैस सिलेंडर ब्लास्ट



**हाजीपुर**। पोल में शॉर्ट-सर्किट की चिंगारी से लगी आग में 12 से अधिक घर जल गए। इसी दौरान एक के बाद एक 4 गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। लोग काफी डर गए थे। सभी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुटी। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की दो टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। हालांकि टीम के आने से पहले आग काफी ज्यादा फैल चुकी थी। घरों में रखे कीमती सामान जलकर राख हो गए। काफी भारी नुकसान हुआ। घटना पातेपुर के हरलोचनपुर थाना क्षेत्र चांदपुर फतह गांव की है। हरलोचनपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर फतह गांव निवासी शिबू साहनी के घर के पास बिजली पोल है। जिसपर शॉर्ट-सर्किट हुआ था। पहले स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश की पर जब गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने लगे तो सभी डर गए और दूर जाकर अपने जलते घर को देखते रह गए। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दीनक साहनी, पवन साहनी, जितेंद्र साहनी, चंदेश्वर साहनी, राजकिशोर साहनी, उपेंद्र साहनी, बुदरूक साहनी, लगनी देवी, चिंटू साहनी, राम चंद्र साहनी और मिटू साहनी के घर जल गए।

### NH-27 पर वाहनों से तेल चोरी करते दो युवक गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर**। पानापुर ओपी क्षेत्र में वाहनों से तेल चोरी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी सहियार अख्तर ने रविवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि कांटी थाना क्षेत्र से लेकर मोतिहारी तक वाहनों से तेल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया था। कई लोगों ने फोन पर शिकायत की थी वहीं कुछ लोगों ने लिखित में भी शिकायत दी थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई थी। टीम ने दो जगहों के सीसीटीवी में इनकी हरकत को देखा फिर इनकी खोज शुरू हुई। पानापुर ओपी प्रभारी को निर्देश दिया गया और गश्ती चालू की गई। इस दौरान शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली की एनएच 27 पर तेल चोरी के फिराक में कुछ लोग है और इनके पास हथियार भी है। इसके बाद छापेमारी कर इनको गिरफ्तार किया गया। इनके पास से दो देसी कट्टा, दो जिन्दा कारतूस, 40 लीटर डीजल और अन्य सामान बरामद किया गया। एक की पहचान स्वर्गीय नागेश्वर राय का बेटा विकास कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरे की पहचान देवरिया थाना के कृष्ण कुमार का बेटा प्रभात कुमार के रूप में हुई है। यह दोनों देवरिया थाना क्षेत्र के मौजा गांव के निवासी है।

# हरिवाटिका विवाह समिति ने कराया 11 कन्याओं का विवाह

चाणक्य भूमि बेतिया।



कई वर्षों से लगातार हरिवाटिका विवाह समिति द्वारा सामुहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । इसी क्रम में शनिवार को भी रिंकू कनौजीया और उनके सहयोगियों द्वारा उनके सहयोगियों द्वारा हरिवाटिका विवाह समिति के बैनर तले ग्यारह कन्याओं का सामुहिक विवाह कराया गया । आपको बता दें कि यह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम तरीके से आयोजित किया जाता है। जिसमे विवाह समिति के सदस्य बिल्कुल ऐसे कार्य करते है जैसे यह सामजिक कार्यक्रम के साथ ही उनके घर का कार्यक्रम भी हो। इस विवाह समारोह में वर और वघु समाज के गरीब तबके से आते हो परंतु विवाह समिति की टीम इस कार्यक्रम को इतने शानदार तरीके से आयोजित करती है जिसकी उन्होंने कल्पना तक नहीं की हो।अगर सही मायने में कहें तो इस सामुहिक विवाह का आयोजन इतने वृहत्तर तरीके से किया जाता है जैसे कि आजकल पैसे वालों के विवाह में होता है। इस विवाह में हजारो लोगों ने शिरकत की,विवाह समिति के द्वारा सभी लोगों के लिये भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को वृहत्त रूप देने के लिये कोलकाता समेत कई जगहों से कलाकारों को बुलाया गया था जिनके परफॉर्मेंस को देखकर बाराती साराती समेत सभी नगरवासी झूमने को मजबूर हो गये। इन कलाकारों के द्वारा दूल्हे दुल्हन के स्वागत करने के तरीके को देखकर लोगों ने दाँतों तले उंगलिया दबा ली। कलाकारों द्वारा दूल्हा दुल्हन का स्वागत इतने भव्य और राजसी तरीके से किया गया था जैसे सचमुच में किसी शाही परिवार की शादी हो। इस समरोह में नगर के सभी प्रतिष्ठित और गणमान्य लोगों ने शिरकत की जिनमे रोहित सिकारिया, डॉक्टर सौरभ कुमार,डॉक्टर संजय कुमार, प्रमोद सोनी, दीपेन्द्र सर्राफ, अनिल झा आदि प्रमुख थे। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों द्वारा इस आयोजन के लिये रिंकू कनौजीया और उनकी पूरी टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की और उनके इस कार्य के लिये उन्हें साधुवाद दिया।

# विधान सभा चुनाव मेंसभी सत्ताधारी की सूपड़ा साफ

## बिहार की जर्जर व्यवस्था परिवर्तन के लिए एक मात्र विकल्प होगी जनसुराजः तरुण बिहारी



चाणक्य भूमि लौरिया

रविवार के दिन लौरिया प्रखंड में जनसुराज कार्यालय का उद्धघाटन किया गया। इस कार्यालय का उद्घाटन प्रखंड सभापति मो.सुलेमान ने फीता काट कर किया I इस आयोजन के सफल बनाने के लिए प्रखंड अध्यक्ष मो.सलाउद्दीन,नगर अध्यक्ष मंटू मिश्रा उर्फ मनीष मिश्रा ,जिला पार्षद सदस्य आशुतोष मल्ल,मुखिया संजय पाठक,गोलू मुखिया आदि का मुख्य भूमिका रहा। आज के इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष एवम महासचिव के साथ जिला के सभी वरीय पदाधिकारीयों एवम,मुख्य प्रवक्ता मो.गेयासुद्दीन शेख, प्रवक्ता तरुण बिहारी,अनुमंडल अध्यक्ष सुनील कुशवाहा,आदि गण्यमान्य लोग के अलावा आम लोग भी उपस्थित रहें I प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से गेयासुद्दीन शेख ने बताया की जनसुराज आने वाली 2025 की विधान सभा चुनाव में एक मजबूत पार्टी के रूप में उभरेगी क्योंकि बिहार की जनता सभी सत्ताधारी पार्टीयों से त्रस्त हो चुकी है। वही जिला प्रवक्ता तरुण बिहारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताए की बिहार की जर्जर व्यवस्था को यदि परिवर्तित करना है तो सिर्फ और सिर्फ जनता के पास जनसुराज ही एक विकल्प है। प्रखंड अध्यक्ष ने मीडिया के माध्यम से बताना चाहते हैं की लौरिया प्रखंड के जनता जनसुराज को तेजी से अपना रही है साथ ही साथ मो. सुलेमान ने बताए की जनसुराज अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर 51 सदस्यों के समिति बनाने के लिए निर्णय लिया गया I मौके पर कमल पांडेय, मनीष मिश्रा, अभय पांडेय, सुनील प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में 18 मार्च तक भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

एजेंसी, पटना।




पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी ने स्नातक सत्र 2021-2024 और 2022-2025 के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षा फार्म भरने की तारीख की घोषणा कर दी है। परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन मोड में भरे जाएंगे। बिना विलंब शुल्क के फार्म 18 मार्च तक भरे जाएंगे। इस वर्ष परीक्षा फार्म भरने की अनुमति कॉलेजों में 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले विद्यार्थियों की ही होगी।

**2 लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिलः** इसके लिए यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों को ही परीक्षा फार्म भरने के अधिकार दिए है। इसके तहत यूनिवर्सिटी की ओर से ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के लिए कॉलेज लॉग इन में ही ऑनलाइन लिंक दिए गए है। परीक्षा नियंत्रक ने डॉ मनोज कुमार ने बताया कि परीक्षा अप्रैल में निर्धारित है। दो लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि स्नातक पार्ट 1 और 2 के लिए सामान्य व बीसी टू अभ्यर्थियों को 700 रुपये फीस देने होंगे। जबकि बीसी वन, एससी-एसटी अभ्यर्थियों को 500 रुपये देने होंगे। स्नातक थर्ड पार्ट नियमित सामान्य व बीसी टू छात्रों के लिए 1600 रुपये, बीसी वन, एससी-एसटी छात्रों को 1400 रुपये देने हेंगे। स्नातक पार्ट 3 के विद्यार्थियों को फीस में 150 रुपये मार्क्स सर्टिफिकेट, 250 रुपये प्रोविजनल सर्टिफिकेट और 500 रुपये मूल प्रमाण पत्र के लिए देने होंगे। परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार ने बताया कि सबसे पहले विद्यार्थी यूनिवर्सिटी के पोर्टल से जाकर परीक्षा फार्म डाउनलोड करना होगा। इसके बाद डाउनलोड किए गए ऑफलाइन फार्म को छात्र खुद ही भरे।

## गृह मंत्री के उल्टा लटकाने वाले बयान पर आरजेडी हमलावर

# शक्ति यादव बोले- देश में बीजेपी नहीं, ईडी-सीबीआई लड़ रही है, BJP प्रवक्ता ने घेरा

एजेंसी, पटना।



आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के करीबी बालू कारोबारी सुभाष यादव को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गिरफ्तार कर लिया है। एक ओर शनिवार को सुभाष यादव के ठिकानों पर रेड चल रही थी, वहीं दूसरी ओर पालीगंज में गृह मंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने माफिया और जंगलराज का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि हम माफिया को उल्टा करके सीधा कर देंगे। आरजेडी उनके बयान को बिहारियों से जोड़कर देख रही है। इससे पहले आरजेडी एमएलसी विनोद जायसवाल के ठिकानों पर भी ईडी ने छापा मारा था।

**न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका का क्या होगा?:** पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि बिहार में छापेमारी का दौर चल रहा है, ईडी सक्रिय है। आचार संहिता लगनी है। भाजपा को डर लग रहा है। बिहार में जनसैलाब तेजस्वी यादव के नेतृत्व में चल रहा है। पीएम को पता है कि बिहार तेजस्वी मय हो गया है। पालीगंज में गृह मंत्री ने कहा कि उल्टा लटका देंगे। किसको लटकाएंगे बिहारियों को। बिहारी माकूल जवाब देना जानते हैं। ऐसा उल्टा लटकाएगी कि ऐसी बात कहने का साहस नहीं कर पाएंगे। विपक्ष के लोगों के खिलाफ ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है? भाजपा पार्टी नहीं लड़ रही है देश में। ईडी और सीबीआई लड़ रही है। जितने भ्रष्टाचारी की चर्चा बीजेपी करती थी, ऐसे लोग बीजेपी से मिल गए तो ठीक हो गए। उन्होंने आगे कहा कि जनता देख रही है। मुद्दों पर बात होगी देश में। मोदी बनाम मुद्दा होगा। भाजपा डरी हुई है। अब न्यायिक संस्थाओं के लोग रिजाइन करके भाजपा में जा रहे हैं। क्या होगा न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका का। देश की जनता इस सब का जवाब 2024 में देगी।

**अमित शाह ने क्या कहा थाः** दरअसल, शनिवार को पटना के पालीगंज में आयोजित जनसभा के दौरान अमित शाह ने कहा था कि हम माफिया को उल्टा करके सीधा कर देंगे। गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले बचेंगे नहीं। लालू जी को चेताने आया हूं, कि बिहार में डबल इंजन की सरकार बन गई है। हमारी सरकार एक कमेटी बनाएगी और गरीबी की जमीन पर कब्जा करने वालों को जेल की हवा खिलाएगी। वहीं, बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा कि बिहार को माफिया मुक्त करने की मुहिम चल रही है। 14 करोड़ बिहारियों से पीएम मोदी का वादा है। बिहार में माफियाराज नहीं चलेगा, सिर्फ कानून का राज चलेगा। अमित शाह ने साफ कह दिया है कि जो माफिया है उन्हें उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। चाहे माफिया कोई भी हो। राजद के माफियाओं पर कार्रवाई होगी ही। ये वे लोग हैं जो बिहार की जनता को लूटा है। बालू माफिया, शराब माफिया, छिनतई, अपरहण करने वालों को लालू परिवार संरक्षण देता है। ऐसे लोगों पर नकेल कसी जा रही है।

# युवक की गोली मारकर हत्या पत्नी से चल रहा था विवाद

एजेंसी, पटना।

पटना के फुलवारी शरीफ स्थित कुरकुरी रानीपुर गांव के बीच अपराधियों ने शनिवार की रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। रविवार की सुबह पुलिस ने युवक का शव सड़क के किनारे से बरामद कर लिया है। युवक की पहचान रानीपुर निवासी सुकेश कुमार 40 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक खेती का काम किया करता था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड टीम और एसएफएल टीम को बुलाया है। घटना की पुष्टि फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी सफीर आलम ने की है।

**हाईकोर्ट कॉलोनी में नया मकानः** कुरकुरी रानीपुर जाने वाले मार्ग के नहर के किनारे पगडंडी पर रविवार की सुबह ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। शव मिलने की सूचना से पूरे गांव में सनसनी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाने को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि अपराधियों द्वारा युवक के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी है। सुकेश कुमार रानीपुर में अपना मकान बनाकर रहते थे। इस बीच उन्होंने हाईकोर्ट कॉलोनी में अपना नया मकान बनाया था।

**घर में विवाद चल रहा थाः** स्थानीय लोगों का यह मानना है कि नशे का आदी होने के कारण पत्नी और बच्चों से बराबर उनके घर में विवाद हुआ करता था। सुकेश कुमार की बड़ी बेटी खुशी कुमारी 13 वर्ष, कीर्ति कुमारी 11 वर्ष एवं एक बेटा सुधांशु कुमार 10 वर्ष है। वार्ड पार्षद संजय कुमार ने बताया कि अभी कुछ दिनों से पत्नी से विवाद चल रहा था। इसके बाद घर में पत्नी से अलग रह रहा था।

### जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या

**पटना**। पटना के दानापुर में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर बदमाशों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान दियारा के हेतनपुर पंचायत के माधोपुर गांव निवासी 60 वर्षीय धन्नू राय के रूप में किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसको लेकर मृतक के पुत्र बिगन राय ने बताया कि दोपहर में बधार में पशु लेकर गए थे। इस दौरान पुराने जमीन विवाद को लेकर गांव के ही रंजीत, सुजीत व गोविंद कुमार ने मेरे पिता को लाठी-डंडे से सिर पर वार कर जख्मी कर दिया। इस दौरान उन लोगों ने पिता के शरीर पर भी लाठी डंडे से वार किया।

# पटना-लखनऊ और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

एजेंसी, पटना।

पटना से लखनऊ और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। 12 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इसका उद्घाटन करेंगे। पूर्व मध्य रेलवे के GM तरूण प्रकाश ने प्रेस वार्ता के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। पटना-लखनऊ की बुकिंग 18 मार्च से शुरू हो जाएगी। उद्घाटन के दिन आरा में केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और बक्सर में अश्विनी चौबे मौजूद रहेंगे। ट्रेन में 8 कोच रहेगी। जबकि, रांची से वाराणसी के बीच चलने वाली वंदे भारत भी पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशन से गुजरगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेलवे के पटना जंक्शन, दरभंगा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर जेनेरिक दवा की दुकान खुलेगी। नरकटियागंज स्टेशन पर 50 करोड़ की लागत से कोचिंग कॉम्प्लेक्स खुलेगा।



**12 मार्च को पीएम करेंगे उद्घाटन, नरकटियागंज में 50 करोड़ की लागत बनेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स**

# मंदिर में सोये बुजुर्ग की हत्या

नवलपुर

मंदिर परिसर में रहकर दही बेचने वाले बुजुर्ग को शनिवार की देर रात्री सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र योगापट्टी में भर्ती कराया गया जिसके बाद उन्हें बेहतर ईलाज के लिए GMCH में रेफर कर दिया गया जहाँ के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के सम्बंध में मृतक के परिजनों ने मंदिर के पुजारी पर उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि मृतक जवाहिर यादव पिछले 10 सालों से नवलपुर मंदिर परिसर में रहकर दही बेचते थे। मंदिर में रहने के कारण उनका अक़्सर मंदिर के पुजारी से विवाद होता था पूर्व में भी मंदिर के पुजारी ने जवाहिर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। वहीं थानध्यक्ष अनुपम कुमार राय ने बताया कि जवाहिर हमेशा मंदिर परिसर में ही सोता था। शनिवार रात भी वह मंदिर में ही सोया था। इस दौरान 7 से 8 की संख्या में चोर मंदिर में आए और मंदिर में लगी घंटी को चुराने लगे। जवाहिर के विरोध करने पर चोरों ने उस पर हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। और बाद में उसके ईलाज के दौरान मौत हो गई।

# जदयू छोड़ राजद का दामन थामा ग्रामीण चिकित्सक का जिला कमेटी

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

रविवार को प्रखंड के धूमनगर (चांदपुर) में प्रखंड अध्यक्ष गुलाम कादिर की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राजद के जिले से लेकर प्रखंड तक के पार्टी के पदाधिकारी व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जनता दल यूनाइटेड को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल की सदस्य ग्रहण करने वाले ग्रामीण चिकित्सक का संघ के सदस्य उपस्थित रहे। इतना ही नहीं जनता दल यूनाइटेड चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा अपने कमेटी के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी के समक्ष डॉ अनिल कुमार वर्मा ने अपने बातों को रखते हुए कहा कि हम लोग कई वर्षों से जनता दल यूनाइटेड के साथ जुड़कर ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन किया लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हम ग्रामीण चिकित्सकों को पूरे बिहार स्तर पर ट्रेनिंग दिलाने के साथ-साथ परीक्षा लेने के उपरांत ग्रामीण स्तर पर नौकरियां देने की बात कही। लेकिन सिर्फ ग्रामीण चिकित्सकों के साथ नीतीश कुमार ने छलने का काम किया है। नीतीश कुमार का खुद का अस्तित्व का पता नहीं तो फिर किस उम्मीद के साथ हम लोग जनता दल यूनाइटेड के साथ जुड़े रहेंगे। इन सारी समस्याओं को देखते हुए अनिल कुमार ने कहा कि चंपारण का पहला ऐसा जिला है जो जिले के पूरे ग्रामीण चिकित्सकों के साथ हमने राजद का दामन थामने का निर्णय लिया है और मुझे आशा है कि इस पार्टी से हम सभी को न्याय मिलेगा और मेरा प्रयास है पूरे बिहार के अंदर लगभग 4.5 लाख ग्रामीण चिकित्सक है जिन्हें राजद से जोड़ने का काम करेंगे। उपस्थित जिले के वरीय नेता गोपी यादव उपाध्यक्ष, राजेश यादव अध्यक्ष, संजय यादव अध्यक्ष युवा, मजहर आलम राजद पूर्व प्रत्याशी, आदित्य यादव आपदा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, मानसरोवर राम अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ, शेख भोला उपाध्यक्ष, उमेश यादव उपाध्यक्ष आदि ने ग्रामीण चिकित्सा को आश्वासन देते हुए कहा कि हम आपके सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहेंगे जहां तक होगा इस लड़ाई को हम लड़ेंगे नीतीश कुमार शुरू से ही अपनो के साथ छलने का काम किया है। अब नीतीश कुमार का कोई अस्तित्व नहीं बचा है आने वाला विधानसभा में हम सभी मिलकर भाजपा और जनता दल यूनाइटेड के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को करारा जवाब देंगे उनको मुंह खानी पड़ेगी अब जनता समझ चुकी है। वही राजद का दामन थामने वाले ग्रामीण चिकित्सकों में अनिल कुमार वर्मा, डॉ रंजीत चौधरी, डॉ उमाशंकर प्रजापति, डॉक्टर हबल मियां, डॉक्टर जितेंद्र प्रजापति, डॉक्टर अश्विनी कुमार पांडे, डॉ राजकुमार साहनी सहित अन्य ग्रामीण चिकित्सक ने राजद का दामन थामा और पार्टी के साथ ईमानदारी से मिलकर काम करने का आश्वासन दिया। चंपारण में ग्रामीण चिकित्सकों का शामिल होने से पार्टी को काफी मजबूती मिली है। मौके पर राजद के दिग्विजय यादव, सदरे आलम, रामबाबू यादव मीडिया प्रभारी युवा, एहसान अली अंसारी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

# मझौलिया में खुला चाइल्ड लाइफ केयर नर्सिंग होम

## पहले दिन सैकड़ो बच्चो का मुफ्त ईलाज

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया।** बाबा नागेश्वर नाथ शिव मंदिर स्थित नवनिर्मित मकान में लाइफ केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन रविवार को किया गया। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मंटू कुशवाहा,उप प्रमुख नरेश कुमार यादव, चिकित्सक डॉ साबिर अली,डॉ युशूफ जमाल,डॉ सलाउद्दीन अंसारी इनामुलहक आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट उदघाटन किया।इस अवसर पर डॉक्टर साबिर अली ने बताया कि



लाइफ केयर हॉस्पिटल में नवजात शिशु का इलाज होगा।अस्पताल मेंऑक्सीजन,शक्सन,रेडिऐन्ट-वारमर,नेबुलाइजर,पल्स आंक्सीमीटर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि मझौलिया प्रखंड के लोगों को अपने नवजात बच्चों के इलाज के लिए बेतिया मोतिहारी की चक्कर नहीं लगानी पड़ेगी।डॉ सेराज आलम,डॉ जावेद अंसारी ने बताया कि गरीब परिवार के लोगों के मरीज को इलाज में विषेश छूट दी जाएगी।मौके पर शिक्षक ज्वाला कुमार,खुर्शीद आलम,अक्षय यादव, कमलेश यादव, अरविन्द कुमार, डॉ मनीर आलम,तौयाब अली आदि मौजूद रहे।

# 675 बोतल देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार



चाणक्य भूमि बेतिया

भितहा पुलिस ने भारी मात्रा में यूपी निर्मित देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया।जिसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शनिवार को संध्या गस्ती के दौरान छापेमारी क्रम में बिनही चेकपोस्ट से 675 पैक यूपी निर्मित बंटी बबली देशी शराब कुल मात्रा 135 लीटर के साथ राजकुमार डोम पिता हरि डोम ग्राम रुपही यादव टोला,थाना भितहा,जिला पश्चिम चंपारण को गिरफ्तार किया गया। जिसमें गिरफ्तार कारोबारी एवं अन्य नामजद के विरुद्ध कांड संख्या 26/24 कायम कर गिरफ्तार अभियुक्त को बगहा कोर्ट भेजा गया।

# अवैध रूप से संचालित संजीवनी हॉस्पिटल शील हुआ



चाणक्य भूमि बेतिया

बगहा के मधुबनी प्रखंड में अवैध रूप से संचालित संजीवनी हॉस्पिटल को सील कर दिया है। इसके अस्पताल में छापेमारी करने गई स्वास्थ्य विभाग की टीम और पुलिस को अस्पताल से शराब की खाली बोतल के साथ भर्ती बोतल को बरामद किया है। साथ ही मौके से पुलिस ने अपने आप को पत्रकार बताने वाले युवक बिट्टू चौबे नामक युवक को भी गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि सिविल सर्जन के निर्देश के आलोक में अवैध रूप से संचालित संजीवनी हॉस्पिटल को शील करने के लिए गठित स्वास्थ्य जांच पदाधिकारियों की टीम में अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ के.बी.एन सिंह, डॉ तारिक नदीम व सीओ के साथ टीम अस्पताल को शील करने पहुंची थी। टीम के सदस्यो ने वहाँ ऑपरेशन से संबंधित आवश्यक उपकरण को जब्त किया

# लौरिया में साई कार की दुसरी शाखा का हुआ उद्घाटन

## ई सौरभ कुमार एमएलसी एवं डॉक्टर एन एन शाही ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया उद्घाटन

चाणक्य भूमि बेतिया

पश्चिम चम्पारण के लौरिया में साई कार की दुसरी शाखा का उद्घाटन ई सौरभ कुमार एम.एल. सी,जिले के वरिष्ठ डॉक्टर एन एन शाही के द्वारा फीता एवं केक काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिले के समाजसेवी लोगों के द्वारा साई कार के प्रोपराइटर साकिर हुसैन को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दिया गया। वही इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एमएलसी इंजीनियर सौरभ कुमार ने कहा कि अगर गरीबी को दूर करना है तो हर घर में शिक्षा जरूरी है या फिर कोई अच्छा सा बिजनेस जरूरी है आज लौरिया में साई कार का खुलने से आस पास के सभी लोगों को सहूलियत होगी आप सभी लोग कम दाम में अच्छा




और बढ़िया क्वालिटी का कार खरीद सकते हैं। जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एन एन शाही ने कहा कि साई कार के प्रोपराइटर साकिर हुसैन का यह दूसरा ब्रांच आज दिनांक 10 मार्च 2024 को लौरिया में खुल गया हैं। इनके द्वारा बहुत ही इमानदारी तरीके से गाड़ियों का काम किया जाता है इनके जैसा मिस्त्री हर जगह नहीं मिल सकता है जिले में एक इनका अलग पहचान है इस अवसर पर डॉक्टर एन एन शाही, ई सौरभ कुमार एमएलसी,नुरैन खान,सरवर एजाज,आतिफ, अलताफ हुसैन,हाजी मैनुद्दीन, शेख सफी, तारीख अनवर, अफसार आलम,आमिर अंसारी, मोनू ठाकुर,जिला अध्यक्ष बेतिया सिवसेना अरविन कुमार चौबे, समीर अंसारी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खुद बीमारी से होकर लाचार, दूसरों को बचाने का कर रही प्रयास

## पेशेंट प्लेटफार्म से जुड़कर कर रही फाइलेरिया पर जागरूक इनके हौसले के आगे फीकी पड़ रही बीमारी

चाणक्य भूमि

फाइलेरिया भारत में विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। सीतामढ़ी की रानी, रोशन और रामसखी देवी जैसी न जाने कितनी महिलाएं और पुरुष इस बीमारी के शिकार हैं। कुछ ने अपने जीवन को फाइलेरिया पर छोड़ दिया वहीं इन्होंने अपनी बीमारी से लाचार होते हुए भी दूसरों को फाइलेरिया से बचाने का जज्बा दूसरों से इन्हें अलग करता है। जानते हैं इनके संघर्ष और किए गए प्रयासों को। कभी आईएएस बनने का सपना देखने वाली रानी को छह वर्ष की उम्र में घुटने में जख्म हो गया और उसका पैर सूज गया। चिकित्सक ने फाइलेरिया होने की आशंका जताई। परिवार के लोग उसकी कई जगहों पर इलाज कराया। इलाज के बाद चलने पर सूजन कम हो जाता था, फिर स्थिति ज्यों की त्यों रहती थी। रानी का होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और एलोपैथिक पद्धति से इलाज कराया गया, परंतु खास फायदा नहीं हुआ। तब उसके पिताजी उसे एम्स दिल्ली ले गए,




जहां डॉक्टरों ने पट्टी बांधा और मशीन से प्रेसर दिलवाने की सलाह दी, जिसके लिए प्रति पांव 600 रुपये खर्च होते थे। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए उक्त खर्च का वहन करना संभव नहीं था। ऐसे में 2022 में रीना को सीतामढ़ी सदर अस्पताल में फाइलेरिया के इलाज के लिए एमएमडीपी क्लिनिक खुल जाने की खबर मिली। तब वह आशा दीदी के साथ सदर अस्पताल पहुंची और इलाज शुरू कराई। उसे एमएमडीपी कीट मिला। इलाज के क्रम में उसकी मुलाकात डीएमओ डॉ आरके यादव से हुई। उन्होंने रानी के हौसले को पंख दी और जीने की आशा जगा दी। डॉ आरके यादव और अन्य कर्मियों की प्रेरणा से रानी फाइलेरिया उन्मूलन अभियान से जुड़ गई, ताकि फिर रानी इस बीमारी का शिकार न बने। रौशन खातून 54 साल की हैं। वह सिर्फ 34 की थी जब उन्हें फाइलेरिया हुआ। सूजन बढ़ने पर बच्चे, घर सब संभालना मुश्किल हुआ। ताने मिले पर सहती रही। इस सबके बीच पति हसीन अख्तर मददगार रहे। काफी जगह दिखाया पर कोई फायदा नहीं हुआ। फिर वह आशा शहनाज से मिलीं। एमएमडीपी प्रशिक्षण मिला। कुछ व्यायाम भी सीखा। सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत उन्होंने न सिर्फ अपने समाज के लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई बल्कि वह अपने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हर मंगलवार को अन्य फाइलेरिया मरीज को अपना सीखा हुआ व्यायाम और रोग प्रबंधन के लिए सीखे हुए तकनीक के गुर भी लोगों को बताती हैं। उम्र का आधा पड़ाव पार कर चुकी लगमा सुभई की रामसखी को पिछले तीन दशकों से फाइलेरिया है। स्थिति ऐसी थी कि चलने फिरने में भी दिक्कत थी। इन्हें अपनी जिन्दगी बोझ सी लगने लगी थी। पिछले दो महीने पहले एक फाइलेरिया मरीजों के ग्रुप से जुड़ी। डीईसी का कोर्स, एमएमडीपी किट का सही इस्तेमाल और सटीक व्यायाम ने इनकी जिंदगी में ऐसा परिवर्तन लाया कि अब यह अराम से चल फिर सकती हैं। यह परिवर्तन देख इन्हें भी अपने जैसे दूसरों की मदद करने की अलख जगी। इनकी इस सोंच को एक पंख सर्वजन दवा सेवन अभियान ने दी जब यह लोगों को फाइलेरिया से बचाव को दी जाने वाली दवाओं के जागरुकता में उतर पड़ी। घर के कामों को छोड़ यह कभी भी जागरुक करते हुए दिख जाती हैं। इनका कहना है कि अगर इनके प्रयास से फाइलेरिया उन्मुलन को थोड़ी भी गति मिलती है तो उन्हें काफी सुकून होगा।

# बेतिया के नौतन में मनरेगा योजना लूट खसोट का मामला

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

नौतन प्रखंड के उत्तरी तेलहुआ पंचायत में मनरेगा योजना में लूट की छूट मची हुई है सूत्रों के मुताबिक लाल बेगी नदी के बाध पर मिट्टी भराई के नाम पर एक साल पुराने फोटो एन एम् एस एस पर लगाकर प्रतिदिन 95 मजदूरों का काम करने कों दिखा कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है इतना ही नहीं सूत्रों की माने तो धरातल पर कोई मिट्टी भराई का काम नहीं किया जा रहा है सूत्रों की माने तो मनरेगा में इस प्रकार की धांधली प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत में किया जा रहा है कहीं-कहीं तो पंचायत प्रतिनिधियों के रिश्तेदारो के नाम पर इस योजना में हाजरी बना कर बड़े पैमाने पर उक्त योजना कि राशी का बंदरबांट किया जा रहा है परंतु इस प्रकार कि हों रही अनियमितता पर खोजने बिनने वाले पदाधिकारी आंख बंद किए हुए हैं अगर जिले से लेकर प्रखंड तक देखा जाए तो इस योजना में व्यापक धांधली मची हुई है अगर इसकी उच्च स्तरीय जांच कोई एजेंसी करें तो दूध का दूध और पानी का पानी अलग हो जाएगा बताते चले पंचायत को विकास करने के लिए सरकार हर तरह कटिबंध है परंतु पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बहुत सी योजनाएं में बन्दर बांट किया जा रहा है आम लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि चुनाव से पूर्व जीन जन प्रतिनिधियों के पास घूमने तक का टू पहिया वाहन नहीं था आखिर कार आज उनके पास फोर व्हीलर वाहन कहां से आ गया और वह भी नया शोरूम से निकला यह अपने आप में एक सवाल बना हुआ है कहीं ना कहीं यह पंचायत योजनाओं की विकास कि राशी का अंश तो नहीं खैर मामला जो भी हो परंतु सरकार द्वारा पंचायत को उपलब्ध कराई जा रही राशि का सदुपयोग होना चाहिए ना की लूट खसोट

# चंपारण शतरंज अकादमी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मनाया गया

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चंपारण शतरंज अकादमी द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**इस प्रतियोगिता में विजेता बने वारीजा जायसवाल उपविजेता शिवांश बरनवाल दूसरा उपविजेता बगीशा जायसवाल**

चाणक्य भूमि बेतिया। अखिल बिहार

शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा 8 मार्च शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अकादमी के द्वारा निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण और निशुल्क शतरंज प्रतियोगिता अकादमी प्रांगण कोतवाली चौक बेतिया में आयोजन संपन्न हुआ। यह निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण की शुरूवात अकादमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने बालिका खिलाडियों को शतरंज का प्रशिक्षण और शतरंज सिखाया और उसके बाद निशुल्क शतरंज प्रतियोगिता की शुरुवात अकैडमी के सचिव रंजीत प्रसाद ने शतरंज का चाल चलकर प्रतियोगिता की शुरूवात किया । अकैडमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन के द्वारा परिणाम प्रतियोगिता स्विस सिस्टम पर तीन चक्रों में खेला गया। अंतिम चक्र का परिणाम वारीजा जायसवाल ने जानवी पटेल को बगीशा जायसवाल ने अर्पिता पटेल



को शिवांश बरनवाल ने रवि रंजन को और हुजैफा रहमान ने रेहान आलम को हराया को हराया। अकादेमी के संस्थापक शाहिद हुसैन ने बताया कि जितने वाला टॉप चार खिलाडियों को खेल दिवस के अवसर पर ट्रॉफी , मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714